मंगलवार 04 जुलाई 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

कैबिनेट में फेरबदल करेंगे पीएम तो सहयोगी दलों को मिलेगा मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व

♦ प्रधानमंत्री ने बुलाई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक, 4 घंटों तक हुआ मंथन

एजेंसी/नई दिल्ली

दिल्ली के प्रगति मैदान में सोमवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई यह मीटिंग करीब 4 घंटे तक चली। जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, अनुराग ठाकुर, जी किशन रेड्डी समेत कई मंत्री मौजूद रहे। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व की कई दौर की बैठकों के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावना को लेकर जारी चचाओं के बीच ये बैठक हुई है। इस बैठक के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि मंत्रिपरिषद के साथ सार्थक बैठक हुई। जहां हमने विभिन्न नीति संबंधी मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। एनसीपी नेता अजित पवार के अपनी पार्टी के कई विधायकों के साथ बीजेपी-शिवसेना सरकार में शामिल होने और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित बीजेपी के रणनीतिकारों से जुड़ी बंद कमरे में हुई कई बैठकों के बाद मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावनाओं को बल मिला है।

इनको केंद्रीय मंत्री बनाने की अटकलें : एनसीपी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल को एक संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। पटेल, एनसीपी प्रमुख शरद पवार के बेहद करीबियों में गिने जाते थे, लेकिन उन्होंने उनका साथ छोड़कर अजित पवार से हाथ मिला लिया। अजित पवार के महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही देवेंद्र फडणवीस को केंद्र सरकार में लाए जाने की भी अटकलें तेज हो गई हैं। बीजेपी सूत्रों ने संकेत दिया है कि जब भी मोदी अपने मंत्रिपरिषद में फेरबदल का फैसला करेंगे तो सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। आगामी 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले की अवधि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल या बदलाव का आखिरी मौका हो सकता है। इसलिए मंत्रिपरिषद में फेरबदल या विस्तार की संभावनाओं को और बल मिला है।

सूत्रों ने कहा कि कुछ राज्यों सहित बीजेपी के केंद्रीय संगठन में भी कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं, क्योंकि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार तेज करने में जुटा है। पीएम मोदी ने 28 जून को अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ बैठक की थी। सूत्रों का कहना है कि मंत्रिपरिषद में किसी भी तरह का फेरबदल आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर भी किया जाएगा।

शिक्षक नियुक्ति में बिहार राज्य के स्थायी निवासी की हटा दी गई शर्त

पटना। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने साफ किया है कि शिक्षक नियुक्ति में देश के सभी राज्यों के अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा। सिर्फ बिहार के स्थायी निवासी को ही मौका देना असंवैधानिक होगा। इसलिए शिक्षक नियुक्ति नियमावली में बिहार के निवासी होने की शर्त हटा दी गई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण सिर्फ बिहार के स्थायी निवासियों को ही मिलेगा।

मुख्य सचिव ने सोमवार को पुराना सचिवालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा की जा रही शिक्षक नियुक्ति में बिहार राज्य के स्थायी निवासी की शर्त हटा दी गई है। इस शर्त को रखना व्यावहारिक और कानूनन संभव भी नहीं है। आर्टिकल 16 में बिल्कुल स्पष्ट है कि राज्य के अधीन किसी नियोजन एवं पद पर जन्म स्थान अथवा निवास स्थान आदि के आधार पर कोई नागरिक अपात्र नहीं होगा। अगर ऐसी कोई प्रक्रिया शुरू होगी तो यह असंवैधानिक भी होगी। कहा कि बीपीएससी द्वारा पहले भी तीन बार 1994, 1999 और 2000 में शिक्षक नियुक्ति के लिए परीक्षा ली गई थी। उस समय भी यही नियम था कि देश का कोई भी नागरिक परीक्षा में भाग ले सकता है और चयनित हो सकता है। यह नियमावली वर्ष 1991 में ही बनी थी। इसमें भी बिहार का स्थायी निवासी की शर्त नहीं थी।

खबरें फटाफट

राबड़ी-तेजस्वी समेत कई के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

पटना। सीबीआई ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कंपनियों समेत कई अन्य लोगों के नाम आरोपी के तौर पर शामिल हैं। नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित मामले में पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू यादव, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और कई अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई को नौकरी के बदले जमीन मामले में चार्जशीट दाखिल दायर करने का अतिरिक्त समय दिया था। दरअसल, सीबीआई की ओर से कोर्ट में कहा गया था कि वह कोर्ट की छुट्टी के बाद अपना पूरक आरोप पत्र दाखिल करेगी, जिसके बाद कोर्ट की ओर से कहा गया कि इस मामले में अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी।

राज्य योजना पार्षद के परामर्शी बनाए गए विकास वैभव

पटना। आईपीएस अधिकारी विकास वैभव को कई महीनों बाद पोस्टिंग कर दी गई है। बिहार सरकार ने उन्हें राज्य योजना परिषद में पोस्टिंग दी है। इस बाबत सामान्य प्रशासन विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है। आईपीएस 2003 बैच के अफसर को उन समय हटाया गया, जब वे अपने सीनियर अधिकारी पर सवाल खड़े किए थे। आईपीएस अधिकारी विकास वैभव को सरकार से तब तनातनी हो गई थी, जब उन्होंने अपने सीनियर आईजी शोभा अहोतकर पर सवाल उठाए थे। इसके बाद मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंचा। इसके बाद उन्हें वहां से हटा लिया गया। वह पुलिस हेडक्वार्टर में वेटिंग फॉर पोस्टिंग के रूप में तैनात रहे।

महाराष्ट्र में एनसीपी में टूट के बाद सियासी वार-पलटवार शुरू

एनसीपी के बाद अब मोदी की नजर बिहार पर: लालू यादव

केटी न्यूज/पटना

महाराष्ट्र में एनसीपी में टूट पर बिहार में सियासी वार-पलटवार शुरू हो गया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि महाराष्ट्र की घटना के बाद भाजपा की नजर बिहार पर लग गयी है। लेकिन, यहां उसकी दाल नहीं गलने वाली। एमपी तोड़ने की कोशिश हो रही है। बिहार में इन्हें हिलने-डुलने नहीं देंगे। बिहार से ही इनका सफाया शुरू होगा। बिहार तो उड़ती चिड़िया को हरदी लगाता है। हम सभी इकट्ठा होकर हर चुनौती का सामना सफलतापूर्वक कर सकते हैं। लालू ने कहा कि आज आरक्षण खत्म करने की साजिश हो रही है। राम-रहीम के बंदों को लड़ाने की साजिश हो रही है। भाई-भाई में नफरत फैलाने की कोशिश हो रही है। आज देश टूट रहा है, लोकतंत्र खतरे में है। नमो (नरेंद्र मोदी) चारों तरफ डाका डाल रहे हैं। पर, बिहार में हम उन्हें नेस्तनाबूत कर देंगे।

ज्ञान भवन में उदयकांत लिखित नीतीश कुमार की जीवनी का लोकार्पण करने के बाद राजद सुप्रीमो कहा कि नीतीश कुमार ने दलितों-पिछड़ों को एक जुट करने में महती भूमिका निभाई है। मंडल आयोग लागू करने के बाद भी नीतीश कुमार वंचितों की आवाज बने रहे। बिलकुल साधारण घर से निकलकर नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनायी। राजनीति को नयी दिशा दी। आज वे प्रकाश पुंज की तरह हैं। लालू ने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें राजनीतिक ताकत दी। कर्पूरी ठाकुर के बाद विधानसभा में विपक्ष के नेता को चुनने की बात आई। उस समय कई बड़े नेता अनूपलाल यादव, विनायक यादव व मुंशीलाल राय खुद ही नेता बनना चाहते थे, लेकिन नीतीश कुमार मेरे पक्ष में खड़ा हो गए। उनके समर्थन की बदौलत ही मैं विपक्ष का नेता बन सका।

शरद पवार इस देश के मजबूत नेता हैं : लालू ने कहा कि शरद पवार इस देश के मजबूत नेता हैं। उनका कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता है। शरद पवार पर कोई भी असर नहीं पड़ने वाला है। नरेंद्र मोदी का हमलोग सफाया करके ही रहेंगे। वहीं, बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी के जेडीयू में टूट वाले बयान पर उन्होंने सवालिया लहजे कहा कि सुशील कुमार मोदी कौन हैं?

आगे आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने कहा कि इस देश में फिर भाई-भाई में नफरत फैलाने के काम हो रहा है। हमसब एक जुट होकर भारत के एकता अखंडता की रक्षा करेंगे। नरेंद्र मोदी चारों तरफ डाका डाल रहे हैं। आरक्षण पर नरेंद्र मोदी खतरा पैदा कर रहे है। देश के संविधान पर खतरा ह। नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार की बात करते हैं उनसे ज्यादा भ्रष्टाचार कौन करता है? अडानी को फायदा पहुंचाया। बिहार उड़ती चिड़िया को हल्दी लगाता है। बिहार से ही मोदी सरकार को उखड़ने का काम किया जा रहा है। ये दूसरे को भ्रष्टाचारी बोलते हैं और खुद ही सबसे बड़े भ्रष्टाचार हैं।

देश का इतिहास बदलने की कोशिश हो रही : वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि इस समय देश का जो माहौल है, उसमें नीतीश कुमार व लालू प्रसाद की बेहद जरूरत है। नीतीश कुमार का जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रभावी है। सुव्यवस्थित जीवन शैली, समय प्रबंधन, संकल्पशक्ति उनके व्यक्तित्व को और खास बनाता है। उन्होंने कहा कि देश का इतिहास बदलने की कोशिश हो रही है। दरअसल, इतिहास वहीं बदलते हैं जिनका इतिहास में कोई योगदान नहीं होता। ऐसे लोग इतिहास को देखकर परेशान और विचलित हो जाते हैं।

वहीं महाराष्ट्र में एनसीपी की टूट को लेकर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुंगेर सांसद ललन सिंह ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का यही खेल होता है। वह जनता की ताकत पर भरोसा नहीं करती है। जोड़-तोड़ पर विश्वास करती है। पर जनता की ताकत पर सब दिन उनको झटका लगेगा। इस सवाल पर कि क्या बिहार में भी भाजपा इस तरह की कोशिश करेगी, ललन सिंह ने कहा कि बहुत कोशिश कर चुके हैं। भाजपा को सबदिन झटका ही लगेगा।

बिहार में महाराष्ट्र जैसी स्थिति की पूरी संभावना : चिराग

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का दावा है कि जल्द ही महागठबंधन की सरकार टूट सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के कई विधायक और सांसद एनडीए के संपर्क में है। चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री अपने विधायक और सांसदों से मुलाकात कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि उन्हें उनकी पार्टी टूटने का डर है। चिराग ने तंज कसते हुए कहा कि जो दूसरों के दल को तोड़ता है उसे अपनी पार्टी टूटने का डर हमेशा लगा रहता है। राजनीतिक पंडितों की मानें तो अगर चिराग पासवान की भविष्यवाणी सत्य हुई तो जल्द ही बिहार में बड़ा उलटफेर हो सकता है। दरअसल, रविवार को चिराग पासवान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने ऐसा दावा किया। इतना ही नहीं चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि जिसकी जैसी करनी होती है। वैसी ही उनको भरना होता है। आज तक सीएम नीतीश कुमार दूसरी पार्टियों के विधायक और सांसद को तोड़ते थे, अब उन्हें डर लग रहा है।

अजित पवार ने खेला नया दांव, सुनील तटकरे को किया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी/नई दिल्ली

एनसीपी में बगावत के बाद अजित पवार ने सोमवार को अपना नया दांव चला है। इसके मुताबिक अजित पवार गुट ने सुनील तटकरे को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि अभी तक जयंत पाटिल एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे। इस तरह से साल भर पहले महाराष्ट्र में जैसा उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ हुआ था अब वैसा ही कुछ शरद पवार के साथ हो रहा है। उधर शरद पवार ने पलटवार करते हुए प्रफुल्ल पटेल को एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष के पद से हटा दिया है। इतना ही नहीं, प्रफुल्ल पटेल के साथ सुनील तटकरे को पार्टी से भी निष्कासित कर दिया गया है।

एनसीपी मुखिया शरद पवार ने सोमवार को यह कदम उठाया। उन्होंने पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाते हुए प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के लिए यह ऐक्शन लिया है। प्रफुल्ल पटेल एनसीपी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर थे। वहीं, सुनील तटकरे एनसीपी के नेशनल जनरल सेक्रेटी थे। शरद पवार ने अपने बयान में कहा कि एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल का नाम एनसीपी सदस्यों के रजिस्टर से हटाने का आदेश देता हूं।

वहीं, प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि अनिल भाईदास पाटिल को महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी का चीफ व्हिप बनाया गया है। वहां मौजूद सुनील तटकरे ने कहा कि मैंने एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं ने मुझे विश्वास में लेकर यह जिम्मेदारी दी है। वहीं, इस दौरान जब मामले में डिप्टी सीएम अजित पवार से पूछा गया कि एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि क्या आप भूल गए कि शरद पवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि हमने यह फैसला महाराष्ट्र की बेहतरी के लिए लिया है।

रचा इतिहास : सोमवार को लिस्टेड शेयरों का मार्केट कैप 298.33 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

बीएसई सेंसेक्स ने 65000 व निफ्टी ने 19000 का आंकड़ा किया पार

एजेंसी/नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार के दो प्रमुख इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी ने 65000 और 19000 के आंकड़े को पार नया इतिहास रचा है। लेकिन भारतीय बाजार एक और नए कीतीर्मान को छूने के कगार पर है। भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप पहली बार 300 लाख करोड़ रुपये को छू सकता है और इस माइलस्टोर को पार करने से वो कुछ ही फासले की दूरी पर है। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार जब क्लोज हुआ तो बीएसई पर लिस्टेड शेयरों का मार्केट कैप 298.33 लाख करोड़ रुपये पर जा पहुंचा। बीएसई का मार्केट कैप का अब तक का ये रिकॉर्ड है। लेकिन 300 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप को छूने से कुछ ही दूरी पर बाजार खड़ा है।

शेयर बाजार में जैसी तेजी नजर आ रही इस माइलस्टोन को पार पाना असंभव नहीं नजर आ रहा है। देसी और विदेशी निवेशकों के निवेश और भारतीय बाजार में बढ़ते भरोसे के दम पर भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप जल्द ही 300 लाख करोड़ के पार जा सकता है। तीन जुलाई के ट्रेडिंग सेशन में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 1.88 लाख करोड़ रुपये के उछाल के साथ 298.33 करोड़ रुपये पर बंद हुआ है।

आपको बता दें जब हिंडनबर्ग के रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में गिरावट देखी जा रही थी और शेयर बाजार का सेंटीमेंट बिगड़ा हुआ था तब 20 मार्च 2023 को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 255.64 लाख करोड़ रुपये पर आ चुका था। लेकिन पिछले तीन महीने के दौरान विदेशी और देशी निवेशकों के दम पर बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट 298.33 करोड़ रुपये पर आ गया है। यानि इस अवधि में निवेशकों की संपत्ति में 43 लाख करोड़ रुपये का उछाल आ चुका है। पर शेयर बाजार के निवेशकों को उस ऐतिहासिक लम्हे का इंतजार है, जब बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 300 लाख करोड़ रुपये के लेवल को छूने में कामयाब होगा।

समय पर पहचान होने से फाइलेरिया के प्रभाव को रोका जा सकता है: डॉ. शैलेंद्र

केटी न्यूज/बक्सर

- जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग लोगों को फाइलेरिया के प्रति कर रहा जागरूक
- 10 अगस्त से एमडीए अभियान के दौरान दवा खाने के लिए की जा रही अपील

फाइलेरिया एक गंभीर और घातक बीमारी है जो चुपचाप और धीरे धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाती है। इस बीमारी की समय पर जानकारी होने पर यह बीमारी मरीज को गंभीर स्थिति में पहुंचा सकती है। हालांकि, यह बीमारी जब गंभीर हो जाती है तो इसका प्रभाव पूरे शरीर में देखने को मिल सकता है। आमतौर पर फाइलेरिया की बीमारी होने पर एक पैर में गंभीर रूप से सूजन आ जाती है। कुछ लोगों में फाइलेरिया की समस्या होने पर उन्हें दोनों पैरों या शरीर के किसी अन्य अंग में सूजन हो सकती है। शुरूआत में यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के हाथ, पैर और स्तन पर सूजन दिखाई दे सकती है। साथ ही, कुछ लोगों में फाइलेरिया की बीमारी होने पर उनके अंडकोष में भी सूजन आ सकती है। इस बीमारी के बारे में सही समय पर जानकारी होने पर इसके प्रभाव को आसानी रोका जा सकता है। फाइलेरिया के बारे में सही जानकारी और समय पर इसके लक्षणों को पहचानकर सही कदम उठाने से इससे बचाव संभव है।

दिव्यांगता की भी हो सकती है समस्या

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, फाइलेरिया की बीमारी को हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी एक परजीवी के कारण फैलती है। फाइलेरिया की बीमारी के कारण के कारण मरीज को विकलांगता की समस्या भी हो सकती है। शरीर में इस बीमारी के प्रवेश करने पर शुरूआत में लक्षणों को समझकर सही कदम उठाने से इस गंभीर समस्या से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की बीमारी परजीवी मच्छरों की कुछ प्रजातियां और खून चूसने वाले कीट के काटने की वजह से होती है। कुछ लोगों में यह समस्या आनुवांशिक कारणों से भी हो सकती है।

10 अगस्त से खिलाई जायेगी फाइलेरिया रोधी दवाएं : फाइलेरिया का संक्रमण कुछ लोगों में बचपन से भी हो सकता है। ऐसे में उनसे बढ़ती उम्र के साथ शरीर के किसी अंग में सूजन की समस्या हो सकती है। फाइलेरिया का संक्रमण होने पर आपको बार-बार बुखार आने की समस्या हो सकती है। फाइलेरिया की वजह से आने वाला बुखार सामान्य बुखार से अलग भी हो सकता है। फाइलेरिया से बचाव के लिए आगामी 10 अगस्त से जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। जिसमें फाइलेरिया प्रभावित इलाकों के सभी लाभुकों को अल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाई जायेगी। यदि कोई भी व्यक्ति लगातार पांच वर्ष तक साल में एक बार इन दवाओं का सेवन करे तो वह फाइलेरिया से संक्रमित नहीं होगा।

बचाव के उपाय

- घर में जगह-जगह पानी जमा न होने दें
- घर के आसपास सही ढंग से साफ-सफाई करनी चाहिए
- हमेशा मच्छरदानी में सोए

पेड़ के नीचे सो रहे मजदूर की वाहन की चपेट में आने से मौत

आरा। जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दावां गांव स्थित फील्ड के समीप सोमवार की शाम बेलगाम कार ने पेड़ के नीचे सो रहे एक मजदूर को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी मजदूर की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई।

मृतक दावां गांव निवासी स्व. फूली पासवान के 58 वर्षीय पुत्र रामचंद्र पासी थे। छोटे भाई मुनन पासवान ने बताया कि सोमवार की शाम उनके भाई गांव में ही स्थित फील्ड के बाहर सड़क किनारे बरगद के पेड़ के नीचे सो रहे थे। उसी दौरान एक बेलगाम कार ने उन्हें रौंद दिया। उससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। उसके बाद उसी कार वालों द्वारा उन्हें इलाज के लिए गांव में स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद कार सवार फरार हो गए। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि अधेड़ तीन भाई और तीन बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी रेशमी देवी, पुत्र भोला पासी और एक पुत्री माया देवी है।

भोजपुर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ले ली बाप-बेटे की जान, मचा कोहराम

पिता के साथ आईटीआई की परीक्षा देने जा रहे छात्र को स्कॉर्पियो ने रौंदा, मौत

केटी न्यूज/आरा

- बेटे ने सदर अस्पताल लाने, तो बाप ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गयी। जिसमें अमोरजा गांव के समीप बाइक सवार बाप-बेटे को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रौंद डाला। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। बेटे ने इलाज के लिए आरा सदर ले जाने के दौरान और पिता ने एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। मृतकों में पीरो थाना क्षेत्र के मोहन टोला गांव निवासी सचिदानंद चौधरी और उनका बेटा आशीष कुमार शामिल थे। आशीष कुमार आईटीआई का छात्र था। हादसे का कारण तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो द्वारा ओवरटेक करना बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि स्कार्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक सवार पिता-पुत्र उसमें फंस गए और कुछ दूर तक घसीटाते चले गये। वहीं, घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाद में किसी तरह स्कॉर्पियो में फंसे पिता पुत्र को निकाला गया।

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा भी पहुंची और दोनों को अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद देर तक अफरातफरी मची रही। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। उसके बाद पुलिस द्वारा सदर अस्पताल में पुलिस द्वारा दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, हादसे के बाद चालक स्कॉर्पियो छोड़ कर भाग निकला है। पुलिस स्कॉर्पियो चालक की पहचान और धरपकड़ में जुटी है। इस मामले में चालक के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की जा रही है।

पिता पुत्र की मौत से घर में कोहराम : आशीष कुमार और उसके पिता सच्चिदानंद चौधरी जिदंगी की परीक्षा हार गये। सड़क हादसे के कारण एक साथ दोनों की मौत हो गयी। बेलगाम स्कॉर्पियो ने पल भर में मोहन टोला गांव निवासी अनीता देवी के घर की सारी खुशियां उजाड़ दी। हादसे में अनीता देवी ने पति के साथ पुत्र को भी खो दिया। सड़क हादसे पिता-पुत्र की मौत से घर में कोहराम मच गया है। पति और पुत्र के वियोग में अनीता देवी बेहाल थी। एक और अनीता देवी को सुहाग उजड़ने का वियोग था, तो दूसरी ओर औलाद खोने का दर्द। ऐसे में उनका रो-रोकर बुरा हाल था। उनकी चीत्कार से गांव और मोहल्ले का पूरा माहौल गमगीन हो उठा था। बताया जाता है कि आशीष कुमार अपने दो भाई और दो बहनों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां के अलावे बहन प्रिया, बिट्टू और भाई आकाश कुमार है। वहीं उसके पिता सच्चिदानंद चौधरी अपने चार बहनों के बीच इकलौते एक भाई थे। इधर, देर शाम एक साथ पिता-पुत्र का शव पहुंचने से गांव में भी मातम पसर गया।

ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ हादसा

मृतकों के रिश्तेदार सुनील चौधरी ने बताया कि आशीष कुमार टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित आईटीआई में पढ़ाई करता था। सोमवार की सुबह उसकी परीक्षा थी। वह अपने पिता के साथ परीक्षा देने के लिए बाइक से धनुपरा स्थित आईटीआई सेंटर जा था। उसी दौरान अमोरजा गांव के समीप सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार बाप-बेटे को रौंद दिया। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर द्वारा आशीष कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं प्राथमिक उपचार करने के बाद उसके पिता सचिदानंद चौधरी को पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि उनकी हालत देखते हुए परिजन उन्हें आरा शहर के महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

ऑटो व मालवाहक टेंपो की टक्कर में एक की मौत, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

केटी न्यूज/जहानाबाद

श्रावणी मेले के पहले दिन ही सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से पूजा कर लौट रहे श्रद्धालु सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। वहीं श्रावणी मेले में डेकोरेशन का काम कर रहे एक मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मालवाहक टेंपो डेकोरेशन का सामान लेकर बराबर की ओर जा रही थी। दूसरी ओर से श्रद्धालुओं से भरा टेंपो श्रद्धालु को लेकर मखदुमपुर की ओर जा रहा था। तभी पापू गांव के समीप मालवाहक टैंपू एवं पैसेंजर टैंपू में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

जिसमें मालवाहक टेंपो में सवार मजरोठी बीघा निवासी राहुल कुमार पिता श्रीकांत यादव अपने साथी विनायक के साथ बराबर पहाड़ डेकोरेशन का काम करने जा रहे थे। जिनकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं, पैसेंजर टेंपो में सवार पटना जिले के मसौढ़ी निवासी बिट्टू कुमार, कौशल कुमार, मनीष कुमार, मुकेश कुमार, मकनपुर निवासी सन्नी कुमार व ओनवा निवासी नैतिक कुमार घायल हो गए साथ हैं। पापू गांव निवासी सोहन कुमार भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सोहन गांव में सड़क किनारे बने पुल पर बैठा हुआ था। वहीं हादसे के बाद सभी घायलों को रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष रवि भूषण ने पीड़ित परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृत राहुल के परिजन और ग्रामीणों ने विश्वकर्मा डीजे के मालिक बिर्रा गांव निवासी मनीष विश्वकर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि मनीष काम के चक्कर में लगातार मजदूरों से काम ले रहे है। रात दिन जाग कर मजदूर काम कर रहा था। ऐसे में राहुल की मौत का जम्मिदार मनीष ही है।

हथियार और गोली के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा

जिले के चरपोखरी थाने की पुलिस ने रविवार की रात हथियार और गोली के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार संदिग्ध चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी एकलाख अहमद का पुत्र इमरान हुसैन है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद की गयी है। उसे रविवार की रात गड़हनी बाजार स्थित चरपोखरी पुलिस पिकेट के पास से गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ राहुल सिंह द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि चरपोखरी थाना इंचार्ज संजय कुमार सिन्हा रविवार की रात एएसआई हरिवंश सिंह सहित पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग में निकले थे। उस दौरान गड़हनी बाजार स्थित चरपोखरी थाने के पुलिस पिकेट के पास एक युवक को संदिग्ध स्थित में घूमते हुए पकड़ा गया। उसके बाद संदेह के आधार पर उसे पकड़ कर पूछताछ की गयी। उस क्रम में उसके घर हथियार होने की जानकारी मिली। उसके आधार पर पुलिस द्वारा उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद कर ली गयी। इस संबंध में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में उससे हथियार के बारे के बारे में जानकारी ली गयी।

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे पर प्लास्टिक वारियर्स टीम के लीडर ने की पर्यावरण को बचाने की अपील

घर से थैला खुद ले जाएं, पॉलिथीन को ना अपनाएं: राजीव कुमार

केटी न्यूज/जहनाबाद

बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया गया। जिसमें प्लास्टिक वॉरियर्स टीम लीडर राजीव कुमार ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का जिला स्तरीय प्लास्टिक वॉरियर्स को एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बाजार से सामान खरीदने के लिए घर से थैला खुद ले जाएं और प्लास्टिक को नहीं अपनाएं। वहीं, वैष्णवी केसरी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एकल यूज प्लास्टिक से हो रहे हानि के बारे में युवा- छात्र छात्राओं को बताना है। साथ ही, पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक को हटाना है।

मौके पर उपस्थित जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने कहा कि एक प्लास्टिक बैग को सड़ने में 100 से 500 वर्ष लग सकते हैं, प्लास्टिक प्रदूषण के मुद्दों और प्राकृतिक पर्यावरण पर इसके हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों में प्लास्टिक वॉरियर्स टीम का गठन पूर्व में किया गया था, उसे पुनः सत्र 2023- 24 के लिए प्रधानाध्यापक की देखरेख में जुलाई 2023 के अंत तक गठित किया जाएगा। ताकि छात्र- छात्राओं एवं अभिभावकों को एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु प्रेरित कर सकें। विश्व में प्रतिवर्ष 400 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है। जिसका 91% तक रीसाइकिल नहीं होता, इसलिए हम सभी एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु दृढ़ संकल्प लें।

प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है : कायनात इंटरनेशनल स्कूल काको में विद्यालय के निदेशक शकील अहमद काकवी ने छात्र- छात्राओं को एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। प्लास्टिक की थैलियों, बोतलों, चम्मच, गिलास, प्लेट जो इस्तेमाल करके फेंक देते हैं, जो सालों-साल धरती की सतह के साथ नदियों और समुंद्र को काफी नुकसान पहुंचता है। जिसका दुष्परिणाम वातावरण एवं जलीय जीव पर पड़ता है। इसीलिए स्वास्थ्य जीवन के लिए हम सभी एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। जबकि रीमा कुमारी (शिक्षिका) गौतम बुद्ध इंटर विद्यालय जहानाबाद ने विद्यालय परिसर में छात्र- छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि प्लास्टिक बैग हमारे पर्यावरण को तमाम तरीकों से नुकसान पहुंचाती है। हम सभी के सेहत के साथ प्रकृति के लिए घातक है। इस दौरान मानस विद्यालय बभना के चेयरमैन डॉ नवल किशोर, मुरलीधर इंटर विद्यालय में पंकज कुमार, बंधुगंज में प्रीति कुमारी, मखदुमपुर में राजीव कुमार, टेहटा में कविता दत्ता के नेतृत्व में हजारों छात्र-छात्राओं ने एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिए।

एक नजर

श्रावणी मेले का जिलाधिकारी एवं विधायक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन

जहानाबाद। जिले के ऐतिहासिक मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर पहाड़ स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के समीप श्रावणी मेले का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर जहानाबाद डीएम रिची पांडेय, एसपी दीपक रंजन जहानाबाद विधायक सुदय यादव, घोषी विधायक रामवली यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश कुमार, डीडीसी परितोष कुमार, एसडीओ मनीज कुमार समेत कई सम्मानित अतिथियों ने रिबन काटकर एवं नारियल फोड़ कर मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी रिची पांडेय खुद यजमान बनकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया एवं मेले को सफल संचालन का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं को सारी सुविधाएं दी जाएगी। मेले में पेयजल, स्वास्थ्य, लाइट, शौचालय, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम समेत सारी सुविधा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान थमोकोल एवं पॉलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मेले में कागज, कपड़ा एवं पत्ते के बने प्लेट पत्तल का उपयोग किया जाएगा। कोई दुकानदार या श्रद्धालु पॉलीथिन या थमोकोल यूज करते पकड़े जाएंगे तो दंडित कर जुमार्ना लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने आम जनों से अपील किया कि मेले के दौरान गंदगी नहीं फैलाएं। उन्होंने दुकानदारों से दुकान के सामने डस्टबिन लगाने का निर्देश दिया। साथ ही मेला ठीकेदार को चिन्हित जगहों पर बड़ा डस्टबिन लगाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पहाड़ी इलाका को साफ सुथरा रखने की बात कही। बताते चलें कि मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर पहाड़ में श्रावणी मेला वर्षो से आयोजित किया जाता है। जो पूरे माह तक चलता है। हालांकि इस वर्ष मलमास होने के कारण मेला दो माह तक चलेगा। मेले में पूरे बिहार से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया करते हैं। कार्यक्रम में बीडीओ प्रभाकर सिंह, सीओ राकेश रोशन समेत कई जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि समेत कई लोग मौजूद थे।

गुरु पूर्णिमा के मौके पर वाणावर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जहानाबाद। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर जिले के ऐतिहासिक प्रखंड का वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई।

इस दौरान पहुंचे लोगों ने बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचे लोगों को कतार में घंटों इंतजार करना पड़ा। भीड़ को देखते हुए वाणावर पर्यटन थाना से पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। श्रद्धालुओं पहाड़ी इलाका के गऊघाट, हथियाबोर, पातालगंगा, वावन सीढ़िया इलाके में बने जलस्त्रोत से स्नान कर बोल बम के जयघोष लगा मंदिर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने काफी भीड़ का सामना कर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। बता दें कि वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर है। जहां महान शासक बाणासुर पूजा अर्चना किया करता था। तब से पूजा की परंपरा आज तक चली आ रही है। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन के द्वारा कतार लगाया गया। वहीं सुरक्षा को लेकर पर्यटन थाना के पुलिस मंदिर में तैनात किए गए थे। मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह, पुजारी धर्मेंद्र पांडे उर्फ छोटू बाबा ने बताया कि श्रावणी मेला शुरू हो गया है और गुरुपूर्णिमा के साथ सोमवारी रहने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ लगी है। उन्होंने बताया कि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर लगभग 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया है। दूसरी ओर, श्रद्धालुओं के द्वारा बोल बम हर हर महादेव के जयघोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा।

खराब प्रिंटर को ठीक करने एवं विधि व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

जहानाबाद। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट के नेतृत्व में काको प्रखंड में आरटीपीएस काउंटर के प्रिंटर खराब को ठीक करने एवं विधि व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। फिलवक्त छात्र-छात्राओं का नामांकन जारी है एवं शिक्षक बहाली में जाति, आवासीय, ओबीसी जैसे कागजात की जरूरत हो रही है। कॉलेज विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं अभ्यार्थी एवं आम जनता ओबीसी जाति आवासीय बनाने के लिए लगातार प्रखंड में आ रहे हैं। परंतु यहां का प्रिंटर खराब हो जाने के कारण उन लोगों को काफी कठिनाइयां सहनी पड़ रही हैं एवं सर्वर की भी समस्या हो रही है। ऐसे हालात में सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट के प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ से मिलकर समस्याओं को अवगत कराते हुए ठीक कराने की मांग किया। बीपीएससी शिक्षक भर्ती में ओबीसी की सख्त जरूरत है एवं 12 जुलाई 2023 तक उसका समय सीमा है। जिसके कारण काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपने पढ़ाई लिखाई छोड़ कर ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं। आम जनता भी समस्या झेल रहे यह मामले लगातार चल रहे हैं। जिसके कारण लोग में काफी परेशानी एवं आक्रोश है। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही इस समस्या को ठीक कर दिया जाएगा एवं जो भी दिक्कत है उनको ठीक करते हुए सभी के मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। इस दौरान सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट के प्रतिनिधि मंडल में अमलेश कुमार, छात्र नेता राजू कुमार, सुदर्शन यादव, छोटू कुमार एवं अन्य छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर पांच को धरना देंगे जन अधिकार पार्टी (लो.) के कार्यकर्ता

जहानाबाद। जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) जहानाबाद के जिलाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव के दिशा निर्देश में प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह कुशवाहा के आह्वान पर बिहार में शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति को लागू करने एवं कार्यरत शिक्षक को प्रोन्नति कार्य के आधार पर सुनिश्चित करें। जहानाबाद में वंदे भारत ट्रेन की ठहराव, जहानाबाद अरवल मोड़ पर टी आकार के ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ करने, जहानाबाद जिला में वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटल का निर्माण, भ्रष्टाचार मुक्त जहानाबाद बनाने हेतु कार्यों को लेकर 5 जुलाइ को समाहरणालय के नजदीक कारगिल चौक पर सुबह 11:00 से संध्या 4:00 बजे तक एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के सभी प्रकार के सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गन एवं जिलेवासियों से अनुरोध है इन मुद्दों पर आप हमारा साथ दें एवं अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

खबरें फटाफट

न्याय के लिए भटक रहा आईटीबीपी जवान

चक्की। देश की सीमा की रक्षा करने वाला एक जवान खुद अपने घर में असुरक्षित हैं। हालांकि वह न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खा चुका है। कोर्ट द्वारा भी उसके पक्ष में फैसला सुनाया गया था। बावजूद आरोपी दबंग है तथा कोर्ट व प्रशासन का आदेश दरकिनार कर रहे हैं। पीड़ित जवान कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरक बिचला टोला के रहने वाले दिलीप अवस्थी है। उनका कहना है कि एक साल से स्थानीय पुलिस से लेकर डीएम एसपी तक का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कोर्ट में केस चल रहा था जिसमें मेरी डिग्री हो जाने के बाद कोर्ट के आदेश पर चक्की सीओ कौशल कुमार, राजस्व अधिकारी गोल्डी कुमारी, थाना अध्यक्ष संतोष कुमार द्वारा मेरे जमीन पर जाकर घेराबंदी कराया गया था। लेकिन दूसरे पक्ष के तेज नारायण सिंह, राणा प्रताप सिंह, भीम सिंह, अमित सिंह आदि लाठी डंडे से एवं देसी कट्टा लेकर मुझे धमकाने लगे तथा घेराबंदी को तोड़ दिए है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

ट्रेन से गिर परीक्षार्थी जख्मी, रेफर

डुमरांव। सोमवार की सुबह दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप पंजाब मेल ट्रेन से एक युवक गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही जीआरपी के पोस्ट प्रभारी सुनील सिंह और रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह सहित अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी को तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बनारस रेफर कर दिया। जख्मी युवक की पहचान मुरार थाना क्षेत्र के खेवली गांव निवासी स्व बंधू मेहता के 29 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र कुमार मेहता के रूप में हुई है। जीआरपी द्वारा परिजनों को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे और जख्मी को बेहतर इलाज के लिए लेकर बनारस चले गए।

भोलेनाथ की आराधना के लिए सजे शिवालय

केसठ। सावन मास के प्रथम दिन यानी मंगलवार को भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में घंटा घड़ियाल की गूंज सुनाई देगी। कोई शिव भक्त जलाभिषेक करेगा तो कोई दुग्ध स्नान तो कोई धतूरे के साथ फल व फूल चढ़ाकर भगवान शिव की आराधना करेगा। सावन के पहले दिन को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालयों, मंदिरों पर तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। शिवभक्तों ने भी शिव पूजन की तैयारी कर ली है। हिंदू धर्म में सावन माह का विशेष महत्व होता है। इन दिनों लोग सात्विक खानपान और पूजा अर्चना में ही अपना समय व्यतीत करते हैं। ज्योतिषाचार्य के अनुसार सावन माह की शिवरात्रि को जहां विशेष महत्व माना गया है। वहीं, सावन माह में पड़ने वाले प्रत्येक सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक का चलन है।

प्रयागराज की घटना के बाद पति ने बंद कराई पढ़ाई तो थाने पहुंची पत्नी

केटी न्यूज/चौगाईं

◆ यूपी की एसडीएम ज्योति मौर्या की घटना के बाद पति-पत्नी में पढ़ाई को लेकर बढ़ा तकरार

उत्तरप्रदेश के प्रयागराज की एसडीएम ज्योति मौर्य की बेवफाई के आंच देशभर में पहुंचने लगी है। इस घटना के बाद मुरार थाना क्षेत्र के चौगाईं निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी की पढ़ाई बंद करा दी। हालांकि पत्नी ने हार नहीं मानी और खुद मुरार थाना पहुंच थानाध्यक्ष से पढ़ाई पूरा करवाने की गुहार लगाई। इस अजीब वाकये को सुन थानाध्यक्ष भी चौंक गए। हालांकि बाद में उन्होंने महिला के पति को बुलवा उसे समझा बुझाकर उसकी पढ़ाई जारी रखने को तैयरा करा दोनों को साथ घर भेजा। जानकारी के अनुसार चौगाईं निवासी पिन्टू सिंह अपनी पत्नी खुशबु कुमारी को शादी के बाद से ही पढ़ा रहे थे। लेकिन उत्तरप्रदेश की घटना के बाद पत्नी खुशबु कुमारी की पढ़ाई को अचानक बंद करा दिए। शायद उन्हें इस बात का डर सताने लगा कि पढ़ लिखकर कही उनकी पत्नी भी उनका साथ न छोड़ दें।

सोमवार को मुरार थाना खुशबू ने थानाध्यक्ष से अपने पति की शिकायत की

और बताया कि मेरे पति मेरी पढ़ाई-लिखाई बंद करा दिए है। बोल रहे है कि अब हमें पढ़ाने के लिए पैसा नहीं है। साहब आप ही कुछ करिये। इस गुहार को सुन कठोर माने जाने वाले पुलिसकर्मियों का कलेजा भी पसीज गया। खुशबू ने कहा कि वह पढ़ना चाहती है। इस घटना की चर्चा पूरे दिन चौगाईं समेत आस पास के गांवों में हो रही थी। लोग यह कहते सुने जा रहे थे कि यूपी में एक एसडीएम की गलती का शिकार अब महिलाओं को होना पड़ रहा हैं। बता दें कि खुशबू की शादी वर्ष 2010 में पिन्टू सिंह से हुई थी। पत्नी के अनुसार पति उसी समय से पढ़ा रहे है। जो इंटर, ग्रेजुएशन, पीजी, डीएलएड करा चुके है और अब बीपीएससी की तैयारी कर रही थी।

इस बीच उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के बरेली एसडीएम ज्योति मौर्या के घटना की जानकारी होने के बाद उन्होंने मेरी पढ़ाई बंद कराने की ठान ली। जिससे अब तक मेरी सारी मेहनत बर्बाद होने के कागार पर है। उसके बाद थाना प्रभारी रविकान्त प्रसाद ने मामला को संज्ञान में लेते हुए खुशबु कुमारी के पति पिन्टू सिंह को थाने बुला कर घंटो समझाया बुझाया। पिन्टू सिंह ने बताया कि पढ़ा लिखा कर पत्नी को योग्य बनाये, और कल कही ज्योति मौर्या जैसा घटना हो जाये तो हम क्या करेंगे। हम लोग मिडिल क्लास के लोग है। जैसे तैसे अपनी पत्नी को इतना पढ़ा दिया। अब पैसा नहीं है कि हम पढ़ा सके। वाही थाना प्रभारी रविकान्त प्रसाद ने बताया कि दोनों पति पत्नी को समझ बुझा कर घर भेज दिया गया है।

बक्सर सिविल लाइन इलाके के मठिया मोहल्ले में सोमवार सुबह की घटना, गिरफ्तार

सनकी बेटे ने अपनी मां को रॉड से मार व मासूम भतीजे को छत से फेंक की हत्या

केटी न्यूज/बक्सर

सोमवार की सुबह बक्सर के सिविल लाइन स्थित मठिया मोहल्ले में एक लोमहर्षक घटना हुई है। एक सनकी पुत्र ने पहले अपनी मां को रॉड से मार मौत के घाट उतार दिया वही उसके साथ खड़े तीन वर्षीय भतीजे को छत से फेंक दिया। जिससे उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी भागने की कोशिश तक नहीं किया। बाद में परिजनों तथा मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनीष कुमार भी मौके पर पहुंचे थे।

बताया जाता है कि आरोपी इंजिनियरिंग किया था तथा कुछ वर्षों तक केरला के किसी कंपनी में बतौर इंजिनियर नौकरी भी किया था। लेकिन 2017 में अपने घर आ गया था और कुछ काम नहीं करता था। जिस कारण पत्नी से भी विवाद हुआ तथा वह अपने बच्चों के साथ मायके चली गई थी। इसी के बाद से वह अवसाद में जी रहा है। मृतका बबन प्रसाद साह की पत्नी जानकी देवी उम्र 60 वर्ष तथा मासूम उनके दूसरे पुत्र राजू साह का बेटा ऋषभ 3 वर्ष है। घटना के बाद मोहल्ले वालों की भीड़ उसके दरवाजे पर उमड़ गई थी। हालांकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लोगों के चंगुल से बचाते हुए थाने लाई तथा आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेजने की तैयारी में जुट गई। इस घटना के बाद घर में कोहराम मच

■ छह साल से मायके में थी पत्नी, अवसाद में चल रहा था आरोपी

गया था। पूरा परिवार सन्न था। हालांकि परिवार में पिछले कुछ वर्षों से आरोपी के हरकतों को ले विवाद चल रहा था। लेकिन किसी को इस बात का भान नहीं था कि इसका अंजाम इतना विभत्स होगा। घटना के बाद से पूरा परिवार गहरे सदमें में है।

पूजा करने छत पर गई थी मां, इसी दौरान किया हमला : परिजनों की मानें तो सुबह करीब 7:30 बजे जानकी अपने 3 वर्षीय पोते ऋषभ के साथ छत पर पूजा करने गई। इसी दौरान छत पर मौजूद मनोज ने रॉड से अपनी मां पर हमला कर दिया तथा उसके साथ मौजूद ऋषभ को उठा छत से नीचे फेंक दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन जबतक माजरा समझते तथा बीच बचाव करने पहुंचते तबतक काफी देर हो चुकी थी। कहा जाता है कि मां प्रथम गुरू होती है। गर्भ में पालने से लेकर होश संभालने तक वह बच्चें की पालन पोषण के साथ ही उसे दुनिया की पहचान कराती है। सोमवार को गुरु पूर्णिमा था। यह दिन गुरू के प्रति समपर्ण तथा आस्था का दिन होता है। लेकिन मठिया मोहल्ले के मनोज ने इसी दिन अपने प्रथम गुरू (मां) की निर्मम हत्या कर कभी न मिटने वाला कलंक अपने माथे पर ले लिया है।

मानसिक अवसाद से ग्रसित लग रहा है युवक : इस संबंध में बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि घरेलु विवाद में युवक ने अपनी मां तथा भतीजे की हत्या कर दी है। प्रथम दृष्टया वह मानसिक अवसाद से ग्रसित लग रहा है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तीन भाइयों में सबसे बड़ा है आरोपी

जानकारी के अनुसार मठिया मोहल्ले के बनन प्रसाद साह के तीन पुत्रों में आरोपी मनोज कुमार साह सबसे बड़ा है तथा बीटेक की पढ़ाई की थी। वर्ष 2015 में उसकी शादी दिल्ली में हुई थी। लेकिन कुछ वर्षों के बाद ही पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। इधर

आरोपी नौकरी छोड़ चुका था तथा कुछ काम नहीं करता था। जिस कारण घर में अक्सर विवाद होता था। बताया जाता है कि वह पैतृक संपति के बंटवारे का दबाव भी परिजनों पर बना रहा था। पिछले तीन वर्षों से उसका भाईयों तथा माता पिता से विवाद बढ़ गया था। सूत्रों का कहना है कि रविवार को भी मनोज का अपने भाईयों के साथ विवाद हुआ था।

आज से शुरू हो रही है मध्यमा की परीक्षा, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आहूत मध्यमा परीक्षा मंगलवार से शुरू हो रही है। 7 जुलाई तक चलने वाले इस परीक्षा की प्रशासनिक तैयारी पूरी हो गई है। डीएम अंशुल अग्रवाल ने प्रेस बयान जारी कर परीक्षा से संबंधित गाइड लाइन जारी किया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली पूर्वाहन 09:45 से अपराह्न 1:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 1.45 बजे से 5:00 बजे अपराह्न तक संचालित होगी। डीएम ने निर्देश जारी किया है कि एक बेंच पर दो से अधिक परीक्षार्थियों को नहीं बैठाना है। वहीं सिंगल बेंच पर सिर्फ एक परीक्षार्थी को बैठाया जाएगा। एक बेंच पर एक विद्यालय के एक से अधिक छात्रों को नहीं बैठाना है तथा रौल सीट के आधार पर परीक्षार्थियों को बैठाने का निर्देश निर्देश दिया गया है। केन्द्राधीक्षकों को रौल सीट के अनुसार परीक्षार्थियों का प्रति पाली हस्ताक्षर लेना है।

सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को मिलेगा प्रवेश : परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय गेट पर सघन तालाशी ली जाएगी। यह कार्य केन्द्र पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल के सहयोग से की जायेगी। परीक्षा केन्द्र के गेट पर तथा आवश्कतानुसार परीक्षा कक्ष में महिला परीक्षार्थियों के चिट-पुर्जा आदि की तलाशी महिला पुलिस, महिला वीक्षक एवं दण्डाधिकारी द्वारा किया जाएगा। बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व एसडीपीओ गोरख राम को परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति ससमय सुनिश्चित कराने को कहा गया है। परीक्षा केन्द्र पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 अन्तर्गत बक्सर एसडीएम द्वारा अपेक्षित कार्रवाई की जायेगी।

सिमरी भोजपुर पथ पर अनियंत्रित होकर बाइक पलटी, दो की मौत

केटी न्यूज/सिमरी

सोमवार को दोपहर बाद सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी मोड़ के पास एक तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित हो चाट में पलटने से बाइक पर बैठे एक युवक तथा एक किशोर की मौत हो गई है। इस घटना के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सिमरी पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजने की तैयारी में जुट गई है। मृतकों की पहचान डुमरांव थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला निवासी जय किशुन यादव के 27 वर्षीय पुत्र मल्लू उर्फ झल्लू यादव व रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के राजापुर के छोटक गोंड के पुत्र सिपू गोंड के रूप में हुई हैं।

जानकारी के अनुसार दोनों एक ही बाइक पर बैठ डुमरांव की तरफ आ रहे थे कि मझवारी मोड़ व पशु मेला के बीच पुलिया पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो पलट गई। जिस कारण दोनों को काफी गंभीर चोटें आई तथा खून से लथपथ हो दोनों अचेत हो गए थे। राहगीरों द्वारा डायल 112 पर इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची सिमरी थाने तथा डायल 112 की टीम ने दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसर गया है। बताया जाता है कि झल्लू मोटर मिस्त्री था तथा सिपू के समरसेबल की मरम्मत करने गया था। संभवतः किसी उपकरण को खरीदने के दोनों साथ डुमरांव आ रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हो गया। सिमरी थानाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

एक नजर

मादक पदार्थ व शराब गिक्री के खिलाफ जारी रहेगा विशेष अभियान, तस्कर भेजे जाएंगे जेल

डुमरांव। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर रविवार को सोनवर्षा ओपी के महादेवगंज में भारी मात्रा में बरामद हुए गांजा के संबंध में जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि महादेवगंज के एक जेनरल स्टोर की दुकान का संचालन करने वाले व डिहरी निवासी सहोदर भाईयों सुशील कुमार सिंह व सुधीर कुमार सिंह दुकान की आड़ में गांजा की तस्करी कर रहे थे। इसकी गुप्त सूचना सोनवर्षा ओपी पुलिस को मिली। पुलिस ने तत्काल उसके दुकान की घेराबंदी कर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें दुकान के अंदर छिपाकर रखे गए 3.890 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनसे पूछताछ के दौरान एक सप्लायर को फोन सुशील के मोबाईल पर आया तथा वह बता रहा था कि गांजे की खेप लेकर आ रहा है। जिसके बाद पुलिस ने नाटकीय ढंग से दो सप्लायरों को 5.5 केजी गांजा के साथ पकड़ा गया। दोनों की पहचान बगेन थाना क्षेत्र के जय बहादूर साह व श्रीराम के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने कहा कि कुल 9.390 केजी बरामद हुआ है, जबकि चार तस्कर पकड़े गए है। उन्होंने कहा कि पुलिस मादक पदार्थ तथा शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। यह सफलता भी इसी अभियान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जारी रहेगा तथा शराब व मादक पदार्थ के तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

प्रथम पुण्यतिथि पर याद किए गए जेपी सेनानी सह चर्चित भाजपा नेता रामजी सिंह शेरे दिल

डुमरांव। जनसंघ के नेता व जेपी सेनानी रहे व डुमरांव भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय रामजी सिंह यादव उर्फ शेरे दिल की प्रथम पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गई। मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने उनके तैल्य चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान डुमरांव भाजपा के नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी डुमरांव के संस्थापक सदस्य और

कार्यकताओं में उर्जा भर देने वाले थे। वे हमेशा गरीब असहाय लाचार लोगों के हक और आवाज को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखते थे और उनके अधिकारों के लिए लड़ते रहते थे। इस दौरान युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने कहा कि सन 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में जब आंदोलन की शुरूआत हुई तो इस आंदोलन में शेरेदिल ने भी भ्रष्ट इंदिरा गांधी की सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया था। इस दौरान तानाशाह सरकार के द्वारा उन्हें 22 महीने तक बक्सर के सेंट्रल जेल में बंद करके रखा गया और उनके आवाज को दबाने की भरपूर प्रयास किया गया। लेकिन वह अपने विचारधारा पर हमेशा अडिग रहे आज भी उनका जीवन हम युवाओं के लिए एवं भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। मौके पर नगर उपाध्यक्ष राजू केसरी, गोल्डेन पांडेय, राजीव रंजन चौहान, राजेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

हनुमत धाम मंदिर प्रांगण में गुरु और शिष्य की महिमा पर कथा का आयोजन

बक्सर। सदर प्रखंड स्थित श्री हनुमत धाम मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। शिष्यों ने श्रीगुरु वंदन कर गुरु पूजन किया। गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। सोमवार सुबह से ही गुरु वंदन का कार्यक्रम शुरू हो गया था। साकेतवासी परम पूज्य नेहनिधि सिया अनुज श्रीमन्नारायण दास जी भक्तमाली उपाख्य श्री मामा जी महाराज, बक्सर वाले के

प्रथम शिष्य श्री रामचरित्र दास जी महाराज उपाख्य श्री महात्मा जी ने व्यास पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर गुरु और शिष्य की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु और शिष्य की महिमा बहुत ही निराली एवं सुखदायक होती है। पूरे मन से अगर गुरु की सेवा की जाए तो भगवान की सेवा अपने आप हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि गुरु और गोविन्द दोनों एक साथ उपस्थित हो जाये तो सबसे पहले गुरु की वंदना करनी चाहिए। क्योंकि गुरु ने गोविन्द अर्थात भगवान से मिलने का रास्ता बताया है अतः गुरु का दर्जा भगवान से भी ऊँचा होता है। महाराज श्री ने कहा कि गुरु का पूजन केवल एक गुरु पूर्णिमा के दिन करने से नहीं बल्कि गुरु के उपदेशों को मानना ही गुरु पूजन हो जाता है। गुरु को गुरु इसलिए कहा जाता है कि वह अज्ञान तिमिर का ज्ञानांजनशलाका से निवारण कर देता है। अर्थात दो अक्षरों से मिलकर बने गुरु शब्द का अर्थ प्रथम अक्षर गु का अर्थ-अंधकार होता है। जबकि दूसरे अक्षर रु का अर्थ- उसको हटाने वाला होता है। संत तुलसीदास ने कहा है कि गुरु विन भवनिधि तरई न कोई। जो बिरंचि संकर सम होई ।। अर्थात- गुरु की कृपा प्राप्ति के बगैर जीव संसार सागर से मुक्त नहीं हो सकता चाहे वह ब्रह्मा और शंकर के समान ही क्यों न हो। इस अवसर पर 11 लोगों ने मंत्र दीक्षा ली साथ ही हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

डुमरांव एसडीएम ने पूजा समिति व मंदिर व्यवस्था समिति के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश

सावन में बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में दुरूस्त रहेगी व्यवस्थाएं

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर

पवित्र श्रावण मास की पूर्व संध्या पर एसडीएम कुमार पंकज ने ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर प्रांगण में पहुंच वहा के मंदिर पूजा समिति व व्यवस्था समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने विधि व्यवस्था से संबंधित कई आवश्यक निर्देश भी मंदिर समिति को दिए। उन्होंने सावन के दौरान मंदिर में जुटने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए कई स्पॉट चिन्हित किए हैं जहा पूरे सावन पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। वही श्रद्धालुओं के वाहनों को खड़ा करने

के लिए भी स्थल का चयन किया गया। एसडीओ ने बताया कि चोर उचक्कों पर नजर रखने के लिए मंदिर में सादें लिबास में पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। वहीं विशेष पूजा वाले दिन अतिरिक्त दंडाधिकारी व पुलिस बल को तैनात किया जाएगा।

उन्होंने मंदिर समिति से भी अपने सभी सीसीटीवी कैमरे को दुरूस्त रखने तथा वोलंटियरों को तैयार रखने का निर्देश देते हुए उन्हें मंदिर की व्यवस्था में लगे दंडाधिकारियों व पुलिस के जवानों को सहयोग करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति या संदिग्ध वस्तुओं के बारे में तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा। उन्होंने बताया कि विशेष पूजा वाले दिन वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से निषेध रहेगा। ताकी भीड़ को नियंत्रित किया जा सकें। बता दें कि बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर की गिनती जिले के सबसे ख्याति वाले मंदिरों में की जाती है। इस मंदिर में पूरे सावन हर दिन हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते है। वही प्रत्येक सोमवार को कांवरियों का जत्था भी बक्सर से गंगाजल लेकर पैदल मंदिर पहुंच देवाधिदेव महादेव को अर्पित करता है। कांवरियों के जत्थें के कारण भी सावन के सोमवारी को भीड़ बढ़ जाती है। वही शिवरात्रि पर भी शिवभक्तों का सैलाब उमड़ता हैं।

आज से सावन का पावन महीना शुरू, शिवालयों में गूंजेगा बम बम भोले

बक्सर। देवाधिदेव महादेव के अतिप्रिय माह सावन की आज से शुरूआत हो रही है। इस पवित्र महीने शिवालयों में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ेगा। इसको ले पूर्व संध्या पर जिले के सभी शिवालयों की सफाई कर सजा दिया गया है। मंगलवार से शिवालयों में बम बम भोले व हर हर महादेव की गूंज सुनाई पड़ेगी। बता दें कि जिला मुख्यालय स्थित गौरीशंकर शिवमंदिर, रामेश्वरनाथ शिव मंदिर, ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर, डुमरांव के जंगलीनाथ, लंगटू महादेव, महरौरा शिव मंदिरों के साथ ही कचईनियां स्थित कंचनेश्वर धाम व मुंगांव स्थित मुंगेश्वर नाथ शिव मंदिर में पूरे सावन बड़ी संख्या में शिवभक्त शिवालयों में दर्शन व पूजन करने आते है। सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए वहा पुलिस बल की तैनाती की जाती है। हालांकि इस बार शिव भक्तों को दो महीने तक सावन का लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार पहले 15 दिन के बाद अधिमास शुरू हो जाएगा। अधिमास के बाद सावन का दूसरा पखवाड़ा शुरू होगा।

लोगों को आसमानी बिजली से बचाएगा दामिनी एवं सचेत एप

- मौसम, आंधी तूफान की मिलेगी सटीक जानकारी
- वज्रपात से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

केटी न्यूज/गाजीपुर

मानसून के दस्तक देने के बाद खराब मौसम, आंधी- पानी एवं वज्रपात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से अक्सर मौत हो रही है। इसके लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनसामान्य से अपील किया है कि खराब मौसम में बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती है। इससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाएं प्रायः हो रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाए। ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाए। इसलिए अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करें। जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके।

खराब मौसम में यह न करें : हर साल वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि होती है। वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है। बचाव के लिए वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैंडलाइन एवं बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुल वाहनों में सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें।

वज्रपात व मौसम खराब होने पर यह करें : जिला आपदा विभाग ने बताया कि यदि मौसम खराब हो तो तत्काल किसी पक्के घर में शरण लें, आस-पास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकडू बैठ जाएं। घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेतों में हैं तो तुरन्त सूखे स्थान पर चल जाएं। हाईटेंशन तारों, पोखरों, बिजली के खंभों तथा कटीले तारों से दूर रहें। उन्होंने बताया कि वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है। दामिनी ऐप लगभग 20 से 40 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन प्रेषित करता है, जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इसलिए स्वयं के मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोड करने के साथ ही जनसामान्य को भी इस अति उपयोगी दामिनी एप के बारे में बताएं, जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत किया जा सके। मौसम की पूर्ण जानकारी हेतु सचेत एप डाउनलोड करें, जिससे मौसम की जानकारी एवं विभिन्न आपदाओं की जानकारी व एडवाइजरी भी प्राप्त हो सके वह चेतावनी मिलती रहे।

खबरें फटाफट

72 घंटे में एक मीटर बढ़ी गंगा

गाजीपुर। गंगा नदी का जलस्तर पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ने लगा है। बीते तीन दिनों में गंगा का जलस्तर तेजी के साथ ऊपर आया है। लगातार बारिश की वजह से 72 घण्टे के भीतर ही गंगा के जलस्तर में 1 मीटर की बढ़ोतरी देखी गई है। जिला आपदा विशेषज्ञ अशोक राय ने बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे तक गंगा के जलस्तर में 1 सेंटीमीटर प्रति घण्टा की रफ्तार से बढ़ाव दर्ज किया गया। यह बढ़ाव पिछले कई दिनों से जारी है। सोमवार को गंगा का जलस्तर 53.690 मीटर है। गाजीपुर में 61.550 मीटर पर चेतावनी बिंदु है। गंगा के बढ़ते जलस्तर और आगामी दिनों में संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ चुका है। गंगा का पानी लगातार बढ़ता हुआ दर्ज किया जा रहा है। 30 जून को जहां जलस्तर 52.690 मीटर दर्ज किया गया। वहीं आज दर्ज किए गए आंकड़े में काफी इजाफा हुआ है। गंगा 53.690 मीटर के ऊपर बह रही है।

दोहरा हत्याकांड में शामिल एक और आरोपी गिरफ़्तार

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों हुए दोहरा हत्याकांड के वांछित अभियुक्त को मुकामी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में पूछताछ करने के बाद उसे संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया। 29 जून 2023 को दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सघनता से चेकिंग और दबिश की कार्रवाई की गई। इस दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली की आपके मुकदमे से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त बक्सर स्टेशन से भरौली होते हुए न्यायालय में हाजिर होने जा रहा है। उक्त सूचना पर तत्परता से सभी पुलिस कर्मी भरौली के पास चेकिंग करने लगे। वांछित अभियुक्त रविन्द्र बिन्द पुत्र सतिराम निवासी ग्राम बढईपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल (चाकू) को बरामद करते हुए दोहरे हत्याकाण्ड का सफल अनावरण किया गया।

जगह-जगह हुए जलजमाव और बारिश के बाद कीचड़ के कारण आवागन बाधित

बारिश ने खोली नगर पालिका की पोल सारे दावे फेल, जलजमाव से बढ़ी परेशानी

केटी न्यूज/बलिया

लगातार भीषण गर्मी के बाद बीते दो-तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने राहत तो दे दी, लेकिन शहर के कई इलाके में लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी। शहर के निचले इलाके में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए बारिश शामत से कम नहीं साबित हुई। सड़कों पर इतना पानी भर गया था कि वाहनों का आना-जाना भी मुश्किल हो रहा था। झमाझम बारिश से नपा के नालों की सफाई के दावे फुस्स हो गए। सफाई के लिए हुआ 50 लाख का टेंडर भी इसी में बहता नजर आया।

मूसलाधार बारिश से काजीपुरा, मिड्डी, श्रीराम बिहार कॉलोनी, आवास विकास, विवेकानंद कॉलोनी के साथ ही एससी कॉलेज चैराहे पर पानी जमा हो गया। शहर के काजीपुरा मोहल्ले में रहने वालों लोगों को पहले से ही जलभराव की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ दो दिन की बारिश ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी। घरों तक में पानी घुस गया। गली-मोहल्लों में जलभराव इतना ज्यादा था कि लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया। शहर के अधिकांश हिस्सों की यही स्थिति थी। कॉलोनियां, गलियां सड़कें और सरकारी कार्यालयों के परिसर तालाब के रूप में नजर आ रहे थे।

- झमाझम हुई बारिश के बाद सफाई के लिए नपा के द्वारा निकाला गया 50 लाख रुपए का टेंडर भी ठप

पुलिस कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुलिस लाइन मैदान आदि जगह पर जमीन नजर नहीं आ रही थी। जापलिनगंज क्षेत्र में भी यही स्थिति थी। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ा। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में लबालब पानी भर गया है। शहर के मिड्डी और काजीपुरा की हालत बारिश से काफी खराब दिखी।

बारिश के बीच कलेक्ट्रेट में गिरा विशालकाय पेड़ : जनपद में भारी बारिश के बीच सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट में विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे अंबेडकर संस्थान का कुछ हिस्सा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कलेक्ट्रेट के आधे हिस्से में बिजली गुल हो गई। हालांकि बिजली विभाग की तत्परता से कुछ ही देर में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। संयोग बढ़िया रहा कि जिस वक्त पेड़ गिरा, उस वक्त उसके नीचे कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो जाता।

आवास विकास कॉलोनी वालों ने दी आंदोलन की चेतावनी : बरसात के बीच शहर से सटे आवास विकास कॉलोनी में कीचड़ हो जाने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बारिश का पानी उतर जाने के बाद कीचड़ पर चलना दूभर हो गया है। इसे लेकर मुहल्लेवासियों ने हंगामा किया और पूर्व सांसद भरत सिंह के नेतृत्व में आंदोलन का भी ऐलान किया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे ईओ सत्यप्रकाश सिंह ने दो दिन का भरोसा दिया कि सड़कों पर राबिश आदि डालकर ठीक किया जाएगा। सत्यप्रकाश सिंह ने यह भी भरोसा दिया कि जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसलिए नगर पालिका कटिबद्ध है।

किसानों के लिए आसमान से बरसा सोना

बांसडीह। लगातार हुई बारिश से नगर और गांवों में जलजमाव से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात के कारण कस्बे के मुख्य चैराहे से लेकर के अंतिम छोर तक जलजमाव हो गया। उत्तर टोला, पच्छिम टोला, गुदरी बाजार, बड़ी बाजार सहित कस्बे के सभी वार्डों की गलियों में पानी भर गया है। गांवों में भी सड़कों व गलियों में पानी भर गया है। वहीं रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को काफी राहत मिली है। खेतों में पानी होते ही किसान रोपाई के लिए घरों से निकल पड़े। नगर के सुजीत सिंह परिहार, प्रतुल ओझा, राकेश मिश्रा, दिग्विजय सिंह छोटू, अभिजीत तिवारी, आदि लोगों ने पानी निकास कराने की मांग की है। सिकंदरपुर कस्बे में भी झमाझम बारिश से गली और मुख्य मार्ग जलमग्न हो गए। धीरे-धीरे कुछ जगहों से तो पानी निकल गया लेकिन अभी भी मोहल्ला मिल्की, डोमनपुरा आदि में पानी लगा हुआ है।

लड़की के अपहरण का आरोपी मध्यप्रदेश के हरदौली से गिरफ्तार

केटी न्यूज/बलिया

गड़वार थाना पुलिस ने अपहरण के आरोपी दीपक कुमार पाल को उसके निवास स्थान मध्यप्रदेश के रीवा जिला अंतर्गत हरदौली गांव से गिरफ्तार कर लिया। रीवा डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से रिमांड लेने के बाद पुलिस आरोपी को सोमवार को गड़वार थाने ले आई। गड़वार थानाध्यक्ष के अनुसार लड़की को बरामद करने के बाद उसका मेडिकल कराया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 के साथ ही पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गड़वार थाना क्षेत्र के गांव अंतर्गत लड़की का अपहरण हुआ था। पीड़ित पक्ष द्वारा थाने में तहरीर देने के बाद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था, इसके

बाद पुलिस शिद्दत से आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ लड़की को बरामद करने में जुट गई। इस बीच गड़वार थाने की टीम मध्यप्रदेश के रीवा जिला अंतर्गत हरदौली गांव से उसे गिरफ्तार कर लिया। कानून के मुताबिक रिमांड लेने के बाद पुलिस सोमवार को गड़वार थाने ले आई। साथ ही बरामद लड़की का मेडिकल परीक्षण करोन के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं मेडिकल के आधार पर पाक्सो और बलात्कार की धारा बढ़ोत्तरी की गई।

डीएम ने 12 रोका गायब कर्मचारियों का वेतन

केटी न्यूज/बलिया

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित 12 कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई प्रकार के सामान अत्यन्त अव्यवस्थित स्थिति में मिले और काफी गन्दगी पायी गई। उस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सहित सामानों को व्यवस्थित किया जाए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसड़ा का जनरेटर भी खराब पाया गया, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसड़ा की उपर्युक्त स्थिति कदापि सन्तोषजनक नहीं है। साथ ही जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि सभी चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा जनपद में स्थित सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति में सुधार लाये जाने हेतु कोई प्रयास नहीं किया गया है। यह स्थिति घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करायें। अन्यथा आपका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आपके विरूद्ध कठोर कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा। निरीक्षण के समय अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसड़ा का कक्ष बन्द था एवं वे अनुपस्थित थे। बाद में निरीक्षण के दौरान वे उपस्थित हुए। निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कई कर्मचारी अनुपस्थित थे।

अनुपस्थित समस्त कर्मचारियों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। डीएम ने कहा कि स्पष्टीकरण सन्तोषजनक पाये जाने की स्थिति में ही इनका वेतन आहरित किया जाय। अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा इस सम्बन्ध में घोर लापरवाही बरती जा रही है।

जिले में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व, मठों और मंदिरों में हुई गुरु पूजा, जुटी शिष्यों की भीड़

जीव व परमात्मा के बीच सेतु का काम करता है गुरु: महंत त्रिवेणी दास

केटी न्यूज/गाजीपुर

गंगा के तटवर्ती क्षेत्र चकेरी धाम पर गुरू पूर्णिमा का पर्व महंथ संत त्रिवेणी दास जी महाराज के नेतृत्व में मनाया गया। इस मौके पर भक्तों को संबोधित करते हुए महंथ जी ने कहा कि गुरु परमात्मा का रुप होता है, जो जीव व परमात्मा के बीच सेतु का काम करता है। माया में भटके जीव को आवागमन से छुटकारा दिलाने के लिए कार्य करता है। यह मानव जीवन क्षणभंगुर है। आज मिला है। कल मिलेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं है। संत इस धराधाम पर अपनी इच्छा से नहीं आते हैं। वह परमात्मा के भेजे हुए दूत हैं, जो चुनी हुई आत्माओं को इक्ट्ठा करके उपदेश देते हैं। वह जन्म मरण के बंधन से मुक्त होता है। जीव व परमात्मा के बीच सेतु का काम करता है। कृपा पात्र शिष्य जयप्रकाश दास फलहारी ने कहा कि जीव इस धराधाम पर क्यों आया है? क्या कर रहा है? इस धराधाम पर आने का क्या उदेश्य है।

अपने उदेश्य को भूल बैठा है, जो समस्त दुः खों का मूल कारण है। परमात्मा कहीं बाहर नहीं, वह हमारे अंदर मौजूद है। जिसे सच्चा सदगुरु ही दिखा सकता है। उसे प्राप्त करने के लिए किसी विशेष वेष भूषा व बाहरी आडम्बर की जरुरत नहीं पड़ती है। उसे इन आखों से भी नहीं देखा जा सकता। इसी क्रम में रामघाट फूलवारी आश्रम व तुलसीपुर करंडा में परम पूज्य शिवपूजन दास जी महाराज के आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। परम पूज्य शिवपूजन दास जी महाराज के आश्रम में गुरु पूर्णिमा के मौके पर बताया गया कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में आस्था रखने वाले लोगों के लिए उनके जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा माना गया है। गुरु जीवन में आने वाले विभिन्न संकटों से न केवल उबारते हैं, बल्कि इस जीवन को जीने की कला भी सिखाते हैं। गुरु ही अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की क्षमता रखते हैं। जनपद के विभिन्न मठ, मंदिरों एवं गुरुद्वारों में प्रत्येक वर्ष व्यास पूर्णिमा के दिन गुरु पूजन का विशेष पर्व मनाया जाता है। व्यास पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस शुभ दिन पर गुरुओं की पूजा-अर्चना की जाती है।

एक नजर

थाना परिसर में संभावित बाढ़ से पहले व पिछले साल बाढ़ के दौरान हुई त्रासदी की समीक्षा

गाजीपुर। उपजिलाधिकारी सेवराई संजय यादव एवं सीओ विधि भूषण मौर्य ने सोमवार को रेवतीपुर थाना परिसर में संभावित बाढ़ से पहले एवं पिछले साल बाढ़ के दौरान हुई त्रासदी को देखते हुए नाविकों, ग्राम प्रधान एवं अन्य लोगों संग बैठक की। बाढ़ की तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम संजय यादव ने कहा कि मातहत संभावित बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण कर सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने नाविकों को निर्देश दिया कि अपनी नावों को दुरुस्त कर तैयार रखें, ताकि किसी भी स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। साथ ही इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लेखपाल को निर्देश दिया कि नाव चलाने वाले नाविक एवं गोताखोरों के साथ ही बाढ़ प्रभावित गाँव के प्रधानों से भी संपर्क कर उनका नाम, पता एवं मोबाइल नंबर अपने पास जरूर रखें। एसडीएम ने कहा कि नदी से कटान होने वाले गांवों को चिन्हित करें एवं आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराएं। सीओ विधि भूषण मौर्य ने कहा कि सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होनें पुलिस को निर्देश दिया कि सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चक्रमण करें एवं ग्रामीणों सहित गणमान्य लोगों से समन्वय बनाकर रखें, ताकि किसी की अपरिहार्य परिस्थितियों में लोगों की सहायता की जा सके। कहा कि मानसून ने दस्तक दे दी है। दस्तक हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। सतर्कता बनाए रखें। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बाढ़ की स्थिति में विभिन्न आवश्यकताओं का आकलन कर व्यवस्थाओं के लिए रूप रेखा तैयार करने के निर्देश दिए। बाढ़ की जद में आने की आशंका वाले मकानों व परिवारों की सूची पूर्व से ही तैयार रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र राय, जयशंकर राय, सचिन चैधरी, श्रीकिशुन चैधरी, मुनमुन चैधरी, रामप्रवेश राम, शैलेन्द्र, मृदुल त्रिपाठी, शमीम अख्तर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने भृगु की धरती पर आकर भाजपा को ललकारा

बलिया। जनता दल यूनाइटेड का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सोमवार को टाउन हाल के बापू भवन में किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार प्रभारी जनता दल यूनाइटेड श्रवण कुमार के साथ विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव अवलेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय सचिव अनूप सिंह पटेल, प्रदेश संयोजक सत्येंद्र पटेल और प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन राजभर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन के दौरान बापू भवन कार्यकताओं और जनता से भरा पड़ा था। इस दौरान बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि देश में अगली सरकार महागठबंधन की होगी। अगर मौका मिला तो बिहार माडल पर देश विकसित होगा। पूरे देश में बिहार माडल की चर्चा जोरों पर है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आरएसएस के इशारे पर काम कर रही है। जबकि देश की आजादी में भाजपा के किसी नेता का कोई योगदान नहीं रहा। किसानों के मुद्दे पर कहा कि किसान परेशान है। उनकी खेती घाटे में चल रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अब किसान अब अपने बेटों को किसान नहीं बनाना चाहता है। बिहार सरकार ने किसानों की समस्याओं को सुना और समझा है। हमारे नेता नीतिश कुमार किसानों को सरकार के भरोसे नहीं छोड़ना चाहते है और न ही किसानों को मरना देना चाहते है। वह किसानों की भरपूर मदद कर रहे है। उन्होंने लताड़ते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। पूंजीपतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो देशहित में नहीं है। हम पूरे मजबूती के साथ सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसकी शुरूआत अब हम उत्तर प्रदेश और बिहार से करने जा रहे है। कहा कि बलिया के क्रांति मैदान में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन से देश की दशा और दिशा बदलेगी। प्रदेश महासचिव अवलेश कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के जुमलेबाजी को जनता समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में यही जनता परिवर्तन करेगी और महागठबंधन की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार बेरोजगारी को दूर नहीं कर पा रही है, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। सिर्फ विकास की बात कर रही है लेकिन विकास नहीं दिख रहा है।

70 हजार रुपए व लाखों के आभूषण चोरी

बलिया। हौसलाबुलंद चोरों ने महिला को बेहोशी की दवा पिलाकर घर में रखा 70 हजार कैश, लाखों के गहने और 50 हजार के सामानों पर हाथ साफ कर दिया। होश में आई महिला और घर के बाकी सदस्यों को आलमारी टूटा और बिखरा सामान देख पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम जांच की में जुट गई है।

फेफना थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने बताया कि मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक भीखमपुर गांव में जितेंद्र यादव का पूरा परिवार रोज की भांति खाना खाने के बाद सोने चला गया। इसबीच आधी रात को चोरों ने छत के सहारे घर में प्रवेश कर गया। चोरों की आहट पाकर घर की एक महिला जग गई तो चोरों ने महिला को पकड़कर बेहोशी की दवा पिला दी। इसके बाद इत्मीनान से पूरे घर को खंगाल डाला, आलमारी तोड़कर उसमें रख 70 हजार रूपए नकदी गायब करने के साथ ही लाखों रूपए के सोने, चांदी के गहने तथा 50 हजार रूपए के बर्तन व अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। फिलहाल घटना के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। वहीं इस तरह चोरी होने से पास पड़ोस के लोग भी सकते में आ गए हैं।

बक्सर में ट्रेन से गिर कर युवक की मौत

गाजीपुर। डीडीयू- दानापुर रेलखंड के पवनी कमरपुर हाल्ट के पास बक्सर और चौसा रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर गाजीपुर के युवक का शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से गिरने की वजह से युवक की मौत हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। अन्य विधिक कार्य में जुट गई। गाजीपुर के गहमर थाना क्षेत्र के सेवराई गांव अन्तर्गत सतराम गंज बाजार निवासी कन्हैया गुप्ता (35) का सोमवार को बक्सर और चौसा रेलवे स्टेशन के बीच नदी के पास रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत शव पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी जमा तलाशी ली तो मृतक के जेब से एक कागज पर नंबर लिखी पर्ची मिली।